
# अवकाश के दिन औचक निरीक्षण करने पहुंचे मुख्यमंत्री का सख्त रुख

## निर्धारित समय के तीन घंटे पहले जारी हुआ दौरा कार्यक्रम, अधिकारियों में व्यवस्था बनाने को लेकर दिखी अफरा-तफरी

**नवभारत न्यूज**

**सीधी, 22 मार्च, अवकाश के दिन रविवार को प्रदेश के मुखिया डॉ.मोहन यादव ने अचानक सीधी पहुंचकर जिस प्रकार के अपने सख्त रुख का परिचय दिया है उससे पूरे प्रदेश में व्यवस्था से जुड़े लोगों के बीच हड़कंप मच गया है.**

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आज अपरान्ह सीधी का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। जनता एवं जन प्रतिनिधि गणों की शिकायतों पर नाराजगी जताते हुए जहां कलेक्टर सीधी को हटाने के निर्देश दिए वहीं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सीधी सीईओ को निलंबित किया गया।मुख्यमंत्री के दौरे की महज तीन घंटे पहले सूचना दी गई। ऐसे में व्यवस्था बनाने में रविवार को अवकाश के दिन अधिकारियों में काफी अफरा-तफरी देखी गई। पहले मुख्यमंत्री का जो भी कार्यक्रम होता था तीन दिन पहले शेड्यूल जारी होता था लेकिन अचानक सीएम का कार्यक्रम तय हुआ अधिकारियों में पसीना छूटने लगा। आनन-फानन व्यवस्था बनाने में अधिकारी जुटे रहे। मुख्यमंत्री पनवार हवाई पट्टी में आने के बाद सीधे उच्च विश्राम गृह आए उसके बाद अधिकारियों की क्लास लिए। चंद घंटे के लिए आए प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उच्च विश्राम गृह में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी पर काफी नाराजगी जताए हैं। इस दौरान डॉ. मोहन यादव ने ट्वीट किया कि सीधी जिला मुख्यालय में आकस्मिक निरीक्षण किया। इसमें जनता एवं जन प्रतिनिधि गणों की शिकायतों, जिला प्रशासन तथा विभिन्न विभागों की विस्तृत समीक्षा एवं फीडबैक के आधार पर जिला कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी को तत्काल प्रभाव से हटाने का निर्देश दिए हैं। वहीं जिला सहकारी बैंक सीधी के महाप्रबंधक पीएस धनवाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए। अधिकारी जहां काम कर रहे हैं उनको जवाबदारी से काम करना चाहिए। जवाबदारी उनकी नियुक्ति के साथ जारी होती है। फिलहाल अधिकारियों की मनमानी पर अंकुश लगाने को लेकर भी मुख्यमंत्री द्वारा निर्देशित किया गया है कि अपने संयम दायरे में रहें। जनता के हितों को लेकर काम करें अन्यथा जनता यदि शिकायत करेगी तो कार्रवाई निश्चित रूप से होगी।



**कुछ अन्य अधिकारियों पर कार्रवाई की दहशत**-मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सीधी में आकस्मिक दौरे और सख्त तेवर के चलते कुछ अधिकारी दहशत में है। कलेक्टर एवं जिला सहकारी बैंक पर कार्रवाई के बाद अन्य अधिकारियों पर गाज गिरने के कयास लगाये जा रहे है। मुख्यमंत्री ने साफ तौर पर कहा कि उन्होने सीधी जिले की जमीनी स्थिति का आंकलन किया। इस प्रकार के दौरे से वास्तविक समस्याओं की पहचान होती है और प्रशासन को आमजन की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करने की दिशा मिलती है। सर्किट हाउस में मुख्यमंत्री ने आम नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंचे। मैदानी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे संवेदनशीलता, जवाबदेही और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें। किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता को गंभीरता से लेते हुए कठोर एवं प्रभावी कार्यवाही की जाएगी।

### इनकी रही खास मौजूदगी

इस दौरान सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक, विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, समाजसेवी देव कुमार सिंह चौहान सहित जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। साथ ही कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, अपर कलेक्टर बीपी पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### विकास मिश्रा अब होंगे सीधी कलेक्टर



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी को स्थानांतरित करने के आदेश के बाद अब सीधी कलेक्टर विकास मिश्रा होंगे। जारी आदेश के अनुसार वर्ष 2012 बैच के आईएएस अधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी को उप सचिव, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, भोपाल के साथ-साथ मध्यप्रदेश राज्य सांख्यिकी आयोग में अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वहीं वर्ष 2013 बैच के आईएएस अधिकारी विकास मिश्रा को सीधी जिले का नया कलेक्टर नियुक्त किया गया है। इससे पहले वे मुख्यमंत्री तथा आयुक्त, आर्थिक एवं सांख्यिकी भोपाल में पदस्थ थे। यह आदेश मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी किया गया है और तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

# मधुमक्खी की दहशत, कई पर किया हमला

## घटना के बाद बैकुंठपुर में पुलिस भी सकते में

**नवभारत न्यूज**

**रीवा 22 मार्च, जिले के बैकुंठपुर कस्बे में इन दिनों स्थानी लोग और दुकानदार मधुमक्खियो के भय से भयभीत हैं हालत यह है कि बीते कुछ दिनों के दौरान दर्जन भर से ज्यादा लोगों पर इन मधुमक्खियो ने हमला किया है.**

आज स्थिति उस वक्त भयावह हो गई जब एक व्यक्ति के ऊपर मधुमक्खियो ने हमला कर दिया और वह सीधे थाने की ओर दौड़ लगा दिया इस दौरान पुलिस कर्मियों ने उसे कंबल से ढक कर मधुमक्खियो के हमले से बचाया और काफी देर तक वह व्यक्ति थाने के बाहर कंबल ढके पड़ा रहा. हम आपको बता दे बैकुंठपुर कस्बे में स्थित पानी की टंकी में मधुमक्खियो का ढेरा है यहां कई बड़े छत्ते लगे हुए हैं जिसके चलते अक्सर यह मधुमक्खीया यहां से गुजरने वाले लोगों पर हमला कर देती हैं. बताया गया है कि इनकी इतनी दहशत है कि पानी की टंकी के आसपास दुकान संचालित करने वाले लोग दुकानों को बंद कर दिए हैं.

आज तकरीबन 12 बजे वहां से गुजर रहे एक व्यक्ति के ऊपर मधुमक्खियो ने हमला कर दिया जिसके बाद वह थाने की ओर दौड़ लगा दिया और थाने के बाहर पहुंचते ही पुलिस कर्मियों ने उसे कंबल से ढक कर मधुमक्खियो के हमले से बचाया स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मधुमक्खितो के इन छत्तों को हटाया जाए वरना किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है।

### कलश यात्रा के दौरान हर्ष फायरिंग में युवक को लगी थी गोली

**रीवा 22 मार्च,**रीवा शहर के समान थाना क्षेत्र में तीन दिन पूर्व हुई हर्ष फायरिंग का वीडियो सामने आया है जिसमें एक व्यक्ति द्वारा हर्ष फायरिंग की जा रही है पुलिस द्वारा युवक की पहचान कर उसे गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है। घटना के संबंध में सीएसपी राजीव पाठक और सामान थाना प्रभारी विजय सिंह बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि 3 दिन पूर्व पवन सेन निवासी छत्रपति नगर को उस वक्त गोली लग गई थी जब कलश यात्रा के दौरान हर्ष फायरिंग की जा रही थी बताया गया है कि पवन कार्यक्रम में बतौर कैमरामैन रिकॉर्डिंग करने के लिए शामिल हुआ था और वायरल वीडियो उसी के कैमरे से बनाई गई है.

# सुपर-100 के परीक्षा में शामिल हुए सैकड़ों छात्र

**नवभारत न्यूज**

**रीवा 22 मार्च, शासन करेगी प्रतिभा का सम्मान चयनित छात्रों को मिलेगी निशुल्क जेईई और नीट की कोचिंग प्रतिभाशाली छात्रों को शासन स्तर पर आगे बढ़ने का एक सुनहरा अवसर दिया जा रहा है.**

शासन की योजना अनुसार सुपर हंड्रेड के परीक्षा का आयोजन किया गया है जिसमें चयनित होने वाले छात्रों को भोपाल एवं इंदौर में निशुल्क शिक्षा एवं कोचिंग प्रदान किया जाएगा. रीवा के मार्तंड क्रमांक 1 में परीक्षा का आयोजन दो पालियों में संचालित कराया जा रहा है इस परीक्षा में शासकीय विद्यालयों में अध्यनरत ऐसे छात्रों को अवसर दिया गया है जो दसवीं की परीक्षा दे चुके हैं. विद्यालय के प्राचार्य जेपी जायसवाल में जानकारी देते हुए बताया कि इंदौर और भोपाल जैसे बड़े शहरों में नीट और छ्द्द्द की कोचिंग करने में जहां लाखों रुपए खर्च होते थे वहां निशुल्क कोचिंग की व्यवस्था मेधावी छात्रों के लिए शासन के द्वारा की गई है. सुपर हंड्रेड की परीक्षा में 75प्रति. से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को यह अवसर मेरिट के आधार पर प्रदान किया जाएगा. चयनित छात्र-छात्राओं के विद्यालय की पढ़ाई से लेकर कोचिंग और रहने की व्यवस्था शासन के द्वारा ही की जाएगी. प्रथम पाली में जेईई के लिए 363 बच्चे सम्मिलित हुए जबकि द्वितीय पाली जो ढाई बजे से शुरू हुई उसमें 417 बच्चे रजिस्टर्ड किए गए हैं.



# एनसीएल खदान से चोरी का प्रयास नाकाम, बोलेरो सहित तीन रोलर जब्त

## नवानगर पुलिस की कार्रवाई, आरोपी गिरफ्तार, 15 हजार रुपए का मशरूका बरामद



**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 22 मार्च। नवानगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एनसीएल ईस्ट खदान से चोरी करने वाले आरोपी को रंगे हाथ पकड़ लिया।**

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से बोलेरो वाहन सहित डोजर के तीन रोलर जप्त किए हैं, जिनकी कुल कीमत लगभग 15 हजार रुपये बताई जा रही है। आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज दिन रविवार को फरियादी आशीष श्रीवास्तव द्वारा सूचना दी गई कि एनसीएल ईस्ट खदान के पैकेज बी के पास से एक बोलेरो वाहन क्रमांक एमपी 66 जेड बी 6998 में डोजर के रोलर चोरी कर ले जाए जा रहे हैं। सूचना मिलते ही नवानगर पुलिस हरकत में आई और घेराबंदी कर वाहन को पकड़ लिया। वाहन चालक की पहचान लालबाबू सिंह के रूप में हुई, जो चोरी कर रोलर ले जा रहा था। पुलिस ने मौके से बोलेरो वाहन सहित तीन डोजर रोलर जप्त कर लिए। आरोपी के विरुद्ध थाना नवानगर में धारा 303(2) बीएनएस में मामला दर्ज कर लिया गया है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक डॉ. अनिल कुमार पटेल के नेतृत्व में उपनिरीक्षक अरविंद चतुर्वेदी, प्रआर मोहित सिंह, प्रवीण सिंह, आर दिलीप धाकड़, विकास तोमर एवं अमृत राजपूत की सराहनीय भूमिका रही।

### शादी का झांसा देने वाला आरोपी गिरफ्तार

थाना नवानगर पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। न्यायालय के आदेश पर आरोपी को जेल भेज दिया गया है। नवानगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता गुड़िया कुमारी (परिवर्तित नाम) निवासी जिला सूरजपुर ने 21 मार्च को अपने परिजनों के साथ थाना नवानगर पहुंचकर शिकायत दर्ज कर बताया कि लगभग दो वर्ष पूर्व उसकी पहचान इंस्टाग्राम के माध्यम से आरोपी दिलीप कुमार पनिका उम्र 18 वर्ष निवासी ग्राम अमलाचूरी थाना माड़ा से हुई थी। बातचीत के दौरान आरोपी ने युवती को शादी का झांसा दिया और 11 अगस्त को उसे बहला-फुसलाकर बैढ़न ले आया। आरोप है कि माजन मोड़ के पास आरोपी ने शादी का वादा कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद आरोपी लगातार युवती को शादी का आश्वासन देकर संबंध बनाता रहा। जब युवती ने विवाह के लिए दबाव बनाया तो आरोपी ने अलग जाति का हवाला देते हुए शादी से इनकार कर दिया। इसके बाद पीड़िता ने पुलिस की शरण ली।

# फिर दगा दे गई रेलवे स्टेशन की ऑटोमैटिक टिकट वेंडिंग मशीन

## आएं दिन आती है सर्वर और तकनीकी खामियां

**नवभारत न्यूज**

**सतना 22 मार्च, जनसुविधाओं को बेहतर बनाने के दावों के बीच विंध्य के सबसे प्रमुख रेलवे स्टेशन सतना में लगी ऑटोमैटिक टिकट वेंडिंग मशीन एक बार फिर फेल हो गई, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।**

मशीन के अचानक बंद हो जाने से जनरल टिकट लेने पहुंचे लोगों को मजबूरन लंबी कतारों में लगकर काउंटर से टिकट लेना पड़ा। यात्रियों का कहना है कि यह समस्या नई नहीं है, बल्कि आए दिन मशीनों में तकनीकी खराबी या सर्वर डाउन जैसी दिक्कतें सामने आती रहती हैं, जिससे जनसुविधा का दावा खोखला साबित हो रहा है। स्टेशन परिसर के प्लेटफॉर्म नंबर-1 पर यात्रियों की सुविधा के लिए छह ऑटोमैटिक टिकट वेंडिंग मशीनें लगाई गई हैं, लेकिन इनमें से एक के खराब हो जाने से व्यवस्था पर असर साफ नजर आया। खासतौर पर भीड़भाड़ के समय मशीन बंद होने से यात्रियों की परेशानी और बढ़ गई। रेलवे प्रशासन द्वारा आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के दावे तो किए जाते हैं, लेकिन उनका रखरखाव और समय पर सुधार नहीं होने से आम यात्रियों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।





# नाबालिग से दुष्कर्म का प्रयास करने वाले शिक्षक व होटल मैनेजर गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**रीवा 22 मार्च, बैकुण्ठपुर पुलिस नें 24 घण्टे में किया गिरफ्तार, खेल के बहाने पीटीआई के गया था छात्रा को रीवा जिले की बैकुण्ठपुर पुलिस ने नाबालिक छात्रा के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने वाले शिक्षक व होटल मैनेजर को 24 घण्टे में गिरफ्तार किया है।**

इस पूरी कार्यवाही को लेकर थाना प्रभारी घनश्याम मिश्रा ने बताया कि दिनांक 18 मार्च को मझिगवां शासकीय स्कूल में पीटीआई टीचर सुखदेव सिंह अपने विद्यालय में पढने वाली नाबालिक छात्रा को रीवा में खेल कूद प्रतियोगिता में शामिल होने की झूठी जानकारी देकर अपने साथ रीवा ले गया व वहां होटल के कमरे में ले जाकर नाबालिक छात्रा के साथ छेडछाड करने लगा। नाबालिक छात्रा होटल के कमरे से भागकर होटल के मैनेजर को घटना बताई होटल के मैनेजर अशोक वाधवानी ने पैसे के लालच में आकर कमरा दिया था और पीडिता द्वारा घटना बताने पर पीडिता को डरा धमका कर घर भेज दिया। पीडिता अपने घर आकर अपनी माँ को घटना बताई व पापा के घर आने पर दिनांक 20 मार्च को थाना जाकर रिपोर्ट की थी। पुलिस नें घटना को गंभीरता से लेते हुये आरोपी सुखदेव सिंह व होटल के मैनेजर अशोक वाधवानी को 24 घण्टे के अंदर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया है।

### धुत्त युवक ने पलटाया ठेला


रीवा के बिछिया थाना क्षेत्र में स्थित एसएएफ चौराहे पर एक युवक ने शराब के नशे में जमकर उत्पात मचाया। बताया जा रहा है कि नशे में धुत युवक ने चौराहे पर खड़े फल विक्रेताओं के ठेलों को पलट दिया, जिससे वहां मौजूद ठेला संचालकों में आक्रोश फैल गया।इस दौरान गुस्साए ठेला संचालकों ने नशेड़ी युवक की जमकर मारपीट कर दी। मारपीट की घटना के बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही बिछिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को अपने साथ थाने ले गई।बताया जा रहा है कि घटना का मारपीट का वीडियो भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। फिलहाल पुलिस युवक से पूछताछ कर रही है और मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# पत्नी ने निभाया फर्ज, किडनी दान कर बचाई पति की जान

## लंबे इलाज के बाद अनुराधा बनीं जीवनदाता

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 22 मार्च। किडनी रोगियों की बढ़ती संख्या के बीच एक प्रेरणादायक मामला सामने आया है, जहां पत्नी ने अपने पति को किडनी दान कर नई जिंदगी दी। अनुराधा दुबे ने अपने पति प्रभात पंकज दुबे को किडनी दान कर न सिर्फ उनका जीवन बचाया, बल्कि समाज के सामने त्याग और समर्पण की मिसाल भी पेश की।**



जानकारी के अनुसार प्रभात पंकज दुबे नवजीवन विहार सेक्टर नंबर 1 में काफी लंबे समय से किडनी की गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। देश के कई बड़े अस्पतालों में इलाज और जांच के बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हुआ। डॉक्टरों ने अंतत: किडनी ट्रांसप्लांट की सलाह दी, जिसके बाद परिवार पर संकट और बढ़ गया। ऐसे कठिन समय में अनुराधा दुबे ने आगे बढ़कर पति को किडनी दान करने का निर्णय लिया। उन्होंने बताया कि ट्रांसप्लांट से पहले अस्पताल प्रबंधन द्वारा विस्तृत जांच और साक्षात्कार की प्रक्रिया से गुजरना पड़ा, जिसमें यह सुनिश्चित किया गया कि दान किसी दबाव में नहीं हो रहा है। कई महीनों तक चली चिकित्सकीय प्रक्रिया और देखरेख के बाद सफल ऑपरेशन हुआ। वर्तमान में दोनों स्वस्थ हैं और नियमित जांच के साथ सामान्य जीवन जी रहे हैं। अनुराधा दुबे ने कहा कि ऐसी स्थिति में घबराने के बजाय हिम्मत और धैर्य से काम लेना चाहिए। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए लोगों से अपील की कि वे समय पर जांच कराएं और जरूरत पड़ने पर अंगदान के प्रति सकारात्मक सोच रखें। यह घटना न सिर्फ एक परिवार के संघर्ष की कहानी है, बल्कि मानवता और रिश्तों की सच्ची मिसाल भी है।

# हाइवा की चपेट में आकर युवक की मौत

▸ रीवा रोड पर कृपालपुर के पास हुआ हादसा

**नवभारत न्यूज**

**सतना 22 मार्च, कोलगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत कृपालपुर में शनिवार देर रात एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। सतना-रीवा ओल्ड हाईवे पर कृपालपुर के पास एक तेज रफ्तार हाइवा ने सड़क पार कर रहे युवक को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान कृपालपुर निवासी 30 वर्षीय मिंटू विश्वकर्मा के रूप में हुई है। यह घटना रात लगभग 11:30 बजे हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रीवा की ओर से आ रहे हाइवा क्रमांक सीजी 05 PF 1923 ने मिंटू को रौंद दिया।

बताया जा रहा है कि मिंटू विश्वकर्मा खाना खाने के बाद टहलने के लिए घर से कुछ ही दूरी पर निकला था, तभी यह हादसा हो गया। हादसे के बाद हाइवा अनियंत्रित होकर सड़क से उतर गया और दुर्घटनाग्रस्त हो गया। चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और फरार हाइवा चालक की तलाश जारी है।

# अंतिम पंक्ति के व्यक्ति का विकास ही हमारा लक्ष्य : विश्वामित्र

## सिहावल में दो मंडलों के पदाधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**नवभारत न्यूज**

**देवसर 22 मार्च। सिहावल अंतर्गत मंडल अमिलिया, सोनवर्षा एवं सिहावल में दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का आयोजन सम्पन्न हुआ।**

कार्यक्रम में सर्वप्रथम मॉ भारती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर विधिवत शुभारम्भ हुआ। प्रशिक्षण वर्ग के विभिन्न विषयों पर विषय वक्ताओं ने कार्य कर्ताओं से संवाद किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वामित्र पाठक विधायक सिहावल ने प्रशिक्षण वर्ग में अपने उद्बोधन में कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है । उनके द्वारा दिखाया गया एकात्म मानव वाद का सिद्धांत संगठन की मूल आत्मा है, जो समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और सेवा पहुंचाने की प्रेरणा देता है। क्योंकि अंतिम पंक्ति के व्यक्ति का विकास ही हमारा लक्ष्य है। क्षेत्रीय विधायक ने कहा कि हम उस राजनीतिक पार्टी से हैं, जहां कार्यकर्ता ही संगठन की असली पूंजी है, भाजपा की विचार धारा अन्य पार्टियों से अलग है, उन्होंने कहा कि विपक्ष क्षेत्र का विकास होते देख केवल विरोध करने पर आमादा है। क्षेत्रीय विधायक ने कार्य शाला में कार्य कर्ताओं को राज्य सरकार की जन कल्याण कारी योजनाओं एवं उपलब्धियों के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि पार्टी कार्यकर्ता हर पात्र व्यक्ति को सरकार की जन कल्याण कारी योजनाओं का लाभ दिलाने का संकल्प ले ।



हमारी सरकार ने लोक गारंटी सेवा अधिनियम लागू कर हर नागरिक का काम आसान किया। हर एक परिवार को मुफ्त राशन देने का काम कर रही है। कार्यक्रम में भाजपा के जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि भाजपा के पदाधिकारियों एवं बूथ अध्यक्षों को सभी प्रशिक्षण में शामिल होना चाहिए और उन्होंने कहा कि हम अनुशासन, समर्पण और सेवा भाव यही असली भाजपा कार्यकर्ता की पहचान है और अपने कार्य क्षेत्र में पूर्ण समर्पण से अपना योगदान दे।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर इन्द्रशरण सिंह पूर्व जिलाध्यक्ष, मंजू सिंह जिपं अध्यक्ष, लोरिक यादव कार्यक्रम प्रभारी, अनिल पांडेय महामंत्री, मंडल अध्यक्ष अमिलिया सिद्धार्थ गौतम सहित अन्य मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99